>

Title: Need to increase the amount of compensation to the people who died in firing near border areas.

**श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू):** मोहतरमा स्पीकर साहिबा, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ और आपकी बिसादत से सरकार की और हाउस की तवज्जह रियासत जम्मू कश्मीर और अपने पार्लियामैंट्री हलके जम्मू के पुंछ की तरफ दिलाना चाहता हूँ। पिछले महीने से पाकिस्तान की तरफ से जो अंधाधुंध फायरिंग और गोलाबारी हो रही है उससे लाखों लोग परेशान हैं। अभी तक बॉर्डर पर बसने वाले लोगों के सैकड़ों जानवर मारे गए हैं। दर्जनों लोग - बच्चे, बूढ़े और जवान पिछले एक हफ्ते में ज़Hमी हुए हैं। वहाँ इंटरनेशनल बॉर्डर और एक्चुअल लाइन ऑफ कंट्रोल पर इतनी दहशत और ख़ौफ़ज़दा माहौल है कि वहाँ सरहद पर बसने वाले लोग वहाँ से माइग्रेशन करने के मूड में हैं। मैं आपकी बिसादत से सरकार से और हाउस से यह मांग करता हूँ कि एक बहुत बड़ी ज़्यादती उन लोगों के साथ होती है। ऑनरेबल स्पीकर साहिबा के ऑर्डर पर जम्मू कश्मीर में मिलिटैन्ट किसी आदमी को मार देते हैं तो सरकार की तरफ 5लाख रुपये मरने वाले के लवाहकीन को मिलता है और उसके एवज में एक व्यक्ति को नौकरी भी मिलती है। लेकिन अगर पाकिस्तान की फायरिंग से हमारे बॉर्डर पर बसने वाले बगैर वर्दी इस मुल्क के लोग मारे जाते हैं तो मरने वाले के लिए 1लाख और ज़Hमी को 10हज़ार रुपये दिये जाते हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि यह एक इम्तियाज़ है, फ़र्को-फ़र्की है जिससे लोगों में काफी गुस्सा भी है। अगर मिलिटैन्ट के हाथों कोई सिविलियन मारा जाता है तो उसके परिवार को पाँच लाख रुपये मिलते हैं और अगर पाकिस्तान के गोले से या गोली से कोई मरता है तो उसके परिवार को 1 लाख रुपये मिलते हैं। यह जो इम्तियाज़ है इसको दूर करना चाहिए। मैं आपकी बिसादब से हाउस से और सरकार से बड़े लैवल का डेलिगेशन जबकि साढ़े तीन सौ किलोमीटर का बार्डर छाम्बा से ले कर पूंछ लोरन मंडी तक पिछले महीने से परेशान हैं और खौफजदा है, उनकी हौसलाअफ़ज़ाई के लिए यहां से आल पार्टी टीम भेजी जाए और सरकारी आफिसर्स को भेजा जाए ताकि सरहद पर बसने वाले लोगों का मनोबल ऊंचा हो और उनकी तबाही और बर्बादी का सरकार फैसला करे ताकि वहां के जवानों और सरहद पर बसने वाले लोगों का हौसला कायम रहे तथा पाकिस्तान के जो नापाक इरादे हैं, वह क्यों फायरिंग करता है, क्योंकि वहां से मिलेटेंट्स को क्रास करने के लिए उनकी इनफिल्ट्रेशन करवाने के लिए भी हो रहा है। यह बहुत बड़ा नेशनल दाग होगा।